बिहार सरकार
वित्त (अंकेक्षण) विभाग
बिहार, पटना।

अंकेक्षण प्रतिवेदन सं0–67 / 14–15

भाग–1

(1) परिचयात्मक :–

(क) अंकेक्षित लेखा का नाम–अंचल कार्यालय, रिविलगंज, छपरा।

(ख) अंकेक्षणाधीन लेखा– वर्ष 2009–2010 से 2012–13

(ग) प्रशासी विभाग का नाम– राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना।

(घ) अंकेक्षित अवधि के नियंत्री पदाधिकारी का नाम / पदनाम तथा अवधि– जिला पदाधिकारी ,सारण, (छपरा सूची एवं विवरण अप्राप्त।)

(ङ) अंकेक्षित अवधि के लेखा पदाधिकारियों / कर्मचारियों का नाम, पदनाम तथा कार्यकाल।

(i) अंचलाधिकारी–

(क) श्री विनय कुमार ठाकुर (01.04.09 से 04.04.10 तक)

(ख) श्री अवधेश कुमार (04.04.10 से 20.07.12 तक)

(ग) श्री ललन प्रसाद सिंह (21.07.12 से 11.10.12 तक)

(घ) श्री राजीव प्रकाश राय (12.10.12 से अधतन)

(ii) प्रधान सहायक–

(क) श्री विवेकानन्द सिंह (01.04.09 से 20.07.12)

(ख) श्री वेद प्रकाश (21.07.12 से 31.03.13)

(iii) नाजीर–

(क) श्री विरेन्द्र कुमार राय (दिनांक 01.04.09 से अधतन)

(च) अंकेक्षण में सहयोग देने वाले पदाधिकरी / कर्मचारी का नाम तथा पदनाम–

(1) श्री राजीव प्रकाश राय, अंचलाधिकारी

(2) श्री वेद प्रकाश– प्रधान सहायक

(3) श्री विरेन्द्र कुमार राय– नाजीर

(छ) <u>अंकेक्षको का नाम</u>–

(क) श्री रतन कुमार– वरीय अंकेक्षण–2

(ख) श्री संजय श्रीवास्तव– वरीय अंकेक्षण–2

(ग) श्री अनवर हुसैन– वरीय अंकेक्षण–2

(ज) अंकेक्षण प्रारम्भण तिथि– दिनांक 28.01.13

(झ) अंकेक्षण समाप्ति तिथि– 28.10.13

(ञ) अंकेक्षण में व्यतीत कार्य दिवसों की संख्या– 84 कार्य0 दि0 *

(ट) अंकेक्षण में प्रस्तुत/अप्रस्तुत अभिलखों की सूची– परिशिष्ट 'क' पर अंकित।

(2) <u>अंकेक्षण का क्षेत्र–</u>

(i) अंकेक्षण का प्रकार– सामान्य।

(ii) वित्त (अंकेक्षण) विभाग का आदेश सं0 तथा तिथि– वित्त (अंकेक्षण) विभागीय ज्ञपांक–3286 एफ0 ए0 दि0 15.09.1960 में निहित निदेशानुसार

(iii) <u>कार्यालय का कार्यक्षेत्र–</u>

भूराजस्व संग्रहण हेतु 08 हलको में विभाजित इस अंचल कार्यालय अन्तर्गत कुल 08 ग्राम पंचायत आते है। इस कार्यालय का मुख्य कार्य भूराजस्व माँग निर्धारित करना तथा कर वसूली करना है। इस अंचल में सैरातों में रूप में कुछ छोटे जलकर, फलकर ही है। मेला/बाजार इस अंचल में नहीं हैं। सरकारी भूमि का अतिक्रमण नहीं हो इसका दायित्व इस कार्यालय के ऊपर है। अगलगी शीतलहर आदि प्राकृतिक आपदाओं सहित भूखमरी आदि से सम्बंधित सहाय कार्य भी इस कार्यालय के माध्यम से सम्पादित किए जाते हैं। जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र तथा भूमि से सम्बंधित अदय प्रमाण पत्र भी इस कार्यालय के माध्यम से निर्गत किए जाते हैं। चौकीदारों एवं दफादारो का स्थापना तथा नियंत्रण इस कार्यालय के द्वारा किया जाता है।

(iv) <u>वित्तीय स्रोत</u>– आवंटन एवं व्यय परिशिष्ट 'ख' पर अंकित है। जिसके अवलोकन से स्पष्ट होगा कि बचत राशि का प्रत्यार्पण दिखाया गया है। परन्तु प्रत्यार्पण पत्र नहीं दिखाया गयी। प्रशासी विभाग द्वारा समीक्षा कर लिये जाने का सुझाव दिया जाता है।

(v) <u>कोषागार अभिलेख से सत्यापन की स्थिति–</u>

(i) कोषागार सत्यापन कार्य कोषागार से प्राप्त विवरणी अभिलेखो से शत्–प्रतिशत् किया गया एवं वही पाया गया।

(vi) <u>महालेखाकार के पूर्व अंकेक्षण प्रतिवेदन के अनुपालन की स्थिति–</u> मौखिक तथा लिखित अनुरोध के बाद भी अंकेक्षण समाप्ति की तिथि तक प्रतिवेदन/अनुपालन की स्थिति अंकेक्षण में स्पष्ट नहीं की गई।

(vii) <u>वित्त (अंकेक्षण) विभाग के पूर्व अंकेक्षण प्रतिवेदन के अनुपालन की स्थिति–</u> अंकेक्षण प्रतिवेदन तथा अनुपालन की स्थिति अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं की गई। मौखिक रूप से यह जरूर बतलाया गया कि कार्यालय भवन के क्षतिग्रस्त होने के कारण पूर्व प्रतिवेदन तथा अनुपालन की स्थिति तत्काल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। इसके समर्थन में कोई प्रमाण नहीं प्रस्तुत किया गया।

(3) <u>वित्तीय समीक्षा–</u>

(i) आवंटन की स्थिति– क्या आवंटन से अधिक राशि की निकासी की गई है–नहीं।

(ii) अनुदान की स्थिति– क्या अनुदान से अधिक राशि का व्यय किया गया है–नहीं।

(ii) प्राप्त अनुदान का उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रशासी विभाग को भेजा गया है– अवलोकनार्थ उपस्थापित नहीं किया गया।

(iv) रोकड़ पंजी के संवरण शेष के नकद राशि का भौतिक सत्यापन की स्थिति– विभागीय पत्रांक –503 वि0 अं0 पटना दिनांक–29.01.1976 के निदेशानुसार अंचल पदाधिकरी रिविलगंज, छपरा के द्वारा नकद राशि का भौतिक सत्यापन 28.01.2013 को किया गया तथा तत्सम्बंधित प्रमाण पत्र रोकड़ पुस्त पर अंकित किया गया–

	दिनांक 28.01.2013 के संवरण शेष रू0 7,99,951=87	
1	विविध बैकों में जमा राशि	बैंक ऑफ इंडिया–1,13,291=69 बैंक ऑफ बड़ौदा– 2,59,427=35 कुल– 3,72,719=04
2	अग्रिम के रूप में	1,25,552=50

3	असमायोजित अभिश्रवों के रूप में	2,99,091=54
4	इकहरी ताला में नकद राशि	2,588=79
	कुल–	**7,99,951=87**

(4) <u>कार्यालय में स्वीकृत/कार्यरत तथा रिक्त पदों की विवरणी–</u>

क्र0 सं0	पदो का नाम	स्वीकृत बल	कार्यरत बल	अधिक	कम बल
1	अंचल अधिकारी	01	01	X	X
2	अंचल निरीक्षक	01	01	X	X
3	सहायक	07	06	X	01
4	राजस्व कर्मचारी	09	07	X	02
5	अमीन	01	01	X	X
6	अनुसेवक	05	02	X	03
7	चालक	01	01	X	X
8	चौकीदार	31	17	X	14
9	दफादार	02	02	X	X

रिक्त बल को पूरा करने हेतु आवश्यक कारवाई अपेक्षित है राजस्व कर्मचारी की संख्या कम होना राजस्व वसूली कार्य पर सीधे असर करता है जो अंचल कार्यालय का मुख्य कार्य है।

भाग–2

(5) **कुल रू0 954=00 वसूली योग्य–**

(i) वर्ष 2009–10 के अन्तर्गत शीर्ष 2055 पुलिस के सहायक रोकड़ पुस्त के योग एवं संतुलन की जाँच के क्रम में पाया गया कि दिनांक 23.11.2009 को पृष्ट सं0 52 में व्यय का योग कुल रू0 1,27,381=00 के स्थान पर कुल रू0 1,27,431=00 अंकित किया गया है। इस प्रकार वास्तविक व्यय से कुल रू0 50 अधिक व्यय अंकित पाया गया।

(ii) हलका सं0–1 से सम्बंधित रसीद सं0 628413 में कुल वसूली 312=00 रू0 अंकित है जबकि 3A पंजी में दिनांक 10.07.2009 को 310=80 रू0 दर्ज पाया गया। इस प्रकार रू0 2=00 कम पाया गया।

(iii) हलका सं0–01 से सम्बंधित रसीद सं0 186497 सं0 कुल 112=50 रू0 वसूली अंकित है जबकि दिनांक 25.11.2009 को 3A_पंजी में मात्र 12=50 रू0 अंकित है। इस प्रकार 100 रू0 कम जमा पाया गया।

(iv) हलका सं0–1 से सम्बंधित रसीद सं0 186516 में दिनांक 21.12.2009 को कुल वसूली 62=50 रू0 अंकित है जबकि उक्त तिथि में 3A पंजी में कुल 60=50 रू0 ही अंकित है। इस प्रकार कुल 02 रू0 कम जमा पाया गया।

(v) हलका सं0–8 से सम्बंधित 3AA पंजी के जाँच के क्रम में पाया गया कि माह अक्टूबर 2010 की जमा राशि में कुल 1,836=81 रू0 के स्थान पर कुल 1,036=81 रू0 ही योग अंकित पाया गया। इस प्रकार कुल 800 रू0 कम जमा पाया गया।

अतः उपरोक्त कंडिका (i) से (v) से सम्बंधित कुल 954 रू0 (50=00+2=00+100=00+2=00+800=00) सम्बंधित कर्मियों से वसूली कर जमा कराया जाय तथा की गई कारवाई से वित्त (अंकेक्षण) विभाग, बिहार, पटना को अवगत कराया गया।

(6) <u>4,000=00 रू0 आपत्ति अन्तर्गत–</u>

(i) वित्तीय वर्ष 2009–10 से सम्बंधित सहायक रोकड़ पुस्त शीर्ष 0029 के पृष्ट सं0 31 दिनांक 11.05.2009 में कुल 35,120 रू0 उपाय दर्शाया गया है जबकि सामान्य रोकड़ पुस्त के पृष्ट सं0 49 में उक्त तिथि अर्थात, दिनांक11.05.2009 को आय पक्ष में मात्र 31,120 रू0 ही अंकित पाया गया। इस प्रकार सहायक रोकड़ पुस्त में अंकित राशि सं0 कुल 4,000 रू0 कम सामान्य रोकड़ पुस्त में राशि अंकित पायी गई। फलस्वरूप संवरण शेष में रू0 4,000=00 की कमी हो गयी।

अंकेक्षण द्वारा आपत्ति नर्गत करने के बाद भी कार्यालय द्वारा इसे स्पष्ट/संशोधित कर अंकेक्षण को जानकारी नहीं दी गई। स्थिति स्पष्ट होने तक कुल 4,000=00 रू0 के आपत्ति अन्तर्गत रखी जाती है। आवश्यक जाँचोपरान्त फलाफल के वित्त (अंकेक्षण) विभाग को अवगत कराया जाए। अन्यथा की स्थिति में तदनुसार कारवाई अपेक्षित होगी।

(7) <u>अग्रिम की राशि 95,152=00 रू समायोजन का सूझाव</u>–

अग्रिम पंजी के जाँच क्रम में पाया गया कि वर्ष 2003–04 से पूर्व की कुल 95,152 रू0 अग्रिम की राशि असमायोजित थी। अंकेक्षण में प्रस्तुत वर्ष 2009–10 से 2012–13 के अग्रिम पंजी में भी राशि अंकित है परन्तु अग्रिम का प्रयोजन तथा अग्रिम प्राप्त करने वाले व्यक्ति/कर्मी/संस्था का नाम उल्लेख नहीं है। अंकेक्षण द्वारा आपत्ति निर्गत कर स्थिति स्पष्ट करने हेतु कहे जाने पर वर्तमान नाजीर द्वारा मौखिक तौर पर बतलाया गया कि उन्हें दिनांक 17.01.04 से पूर्व लम्बित इस अग्रिम राशि का विस्तृत ब्योरा अंकित कर प्रभार नहीं दिया गया है। अंकेक्षण द्वारा पूर्व नाजीर से स्थिति स्पष्ट कराने हेतु किए गए आग्रह का भी कोई फलाफल नहीं निकला।

इतनी लम्बी अवधि से अग्रिम समायोजन तथा अग्रिम के प्रयोजन एवं अग्रिम प्राप्त करने वाले के सम्बंध में कोई स्थिति स्पष्ट नहीं किए जाने के परिणाम स्वरूप अग्रिम की कुल राशि 95,152 रू0 आपत्तिन्तर्गत रखी जाती है तथा सुझाव दिया जाता है कि यथाशीघ्र उक्त राशि को समायोजन /वसूली कर लिया जाए। अन्यथा की स्थिति में अन्य कारवाई भी की जा सकती है।

(8) <u>93 रू0 का भुगतान आपत्तिन्तर्गत</u>–

वित्तीय वर्ष 2009–10 के अन्तर्गत अंचल गार्ड हेतु विविध मद में कुल किए गए सामानों से सम्बंधित अभिश्रव सं0 58/2009–10 पारित नहीं है जबकि पंजी में इस अभिश्रवत के विरूद्ध 93 रू0 का भुगतान अंकित है। स्थिति स्पष्ट किए जाने तक राशि आपत्तिन्तर्गत रखी जाती है। आवश्यक जाँचोपरान्त पारित कर नियमित किया जाए। अन्यथा की स्थिति में तदनुसार कारवाई अपेक्षित होगी।

(9) <u>लगान वसूली में प्रत्येक वित्तीय वर्ष हो रही गिरावट घोर आपत्तिजनक</u>–

अंचल कार्यालयों का मुख्य कार्य लगान निर्धारण तथा वसूली कर सरकारी राजस्व का संग्रह करना है । अंकेक्षित अवधि 2009–10 से 2012–13 वित्तीय वर्षो में दिनानुदिन इस अति महत्वपूर्ण कार्य में भारी गिरावट आयी हैं संम्भवतः इसके सुधार हेतु कोई गम्भीर प्रयास भी नहीं किए जा रहे है।

अंकेक्षित अवधि वर्ष 2009–10 से 2012–13 में समाहरणलय, छपरा द्वारा इस अंचल कार्यालय को राजस्व संग्रहण हेतु निर्धारित लक्ष्य तथा लक्ष्य के विरूद्ध

सम्बंधित वर्ष में अंचल कार्यालय द्वारा किए गए राजस्व संग्रह के निम्नांकित ब्योरे से स्थिति स्पष्ट होती है कि अंचल कार्यालय अपने मूलकार्य के प्रति कितना सजग है।

(क) वर्ष 2009–10– इस वित्तीय वर्ष हेतु जिला पदाधिकारी सारण, छपरा के पत्रांक 888 दिनांक 22.09.2009 के द्वारा इस अंचल हेतु बकाया एवं चालु माँग क्रमशः 3,70,956=97 रू0 एवं 31,97,811=23 रू0 कुल 7,68,768=20 रू0 का लक्ष्य निर्धारित किया गया था।

इस लक्ष्य के विरूद्ध इस वित्तीय वर्ष में बकाया एव चालू माँग क्रमशः 1,57,935=00 रू0 एवं 1,62,291=00 रू0 अर्थात कुल 3,20,226=00 रू0 का संग्रह किया गया। इस प्रकार निर्धारित लक्ष्य कुल 7,68,768=20 रू0 के विरूद्ध मात्र कुल 3,20,226=00 रू0 जो लक्ष्य का लगभग 41% था का संग्रह किया गया।

(ख) वर्ष 2010–11– इस वित्तीय वर्ष हेतु जिला पदाधिकारी सारण, छपरा के पत्रांक–205 मु0 दि0 16.11.2010 के द्वारा इस अंचल हेतु बकाया एवं चालू माँग क्रमशः 4,57,924=19 रू0 एवं 3,97,811=23 रू0 अर्थात कुल 8,55,735=42 रू0 संग्रह का लक्ष्य निर्धारित किया गया था।

इस लक्ष्य के विरूद्ध इस वित्तीय वर्ष में बकाया एवं चालू माँग क्रमशः 43,563=00 रू0 एवं 1,82,986=00 रू0 अर्थात कुल 2,26,549=00 रू0 का संग्रह किया गया। इस प्रकार निर्धारित लक्ष्य कुल 7,55,735=42 रू0 के विरूद्ध कुल 2,26,549=00 रू0 जो निर्धारित लक्ष्य का लगभग 26% ही था का संग्रह किया गया।

(ग) वर्ष 2011–12– इस वित्तीय वर्ष हेतु जिला पदाधिकारी, सारण, छपरा के पत्रांक 1328 दिनांक 28.11.11 के द्वारा इस अंचल हेतु बकाया एवं चालू माँग क्रमशः 6,42,208=41 रू0 एवं 6,94,045=08 रू0 अर्थात कुल 13,36,253=49 रू0 संग्रह का लक्ष्य निर्धारित किया गया था।

इस लक्ष्य के विरूद्ध इस वित्तीय वर्ष में बकाया एवं चालू माँग क्रमशः 94,532=00 रू0 एवं 2,39,706=00 रू0 अर्थात कुल 3,34,238=00 रू0 का संग्रह किया गया। इस प्रकार निर्धारित लक्ष्य कुल 13,36,250=49 रू0 के विरूद्ध मात्र 3,34,238=00 रू0 जो निर्धारित लक्ष्य का लगभग 25% ही था का संग्रह किया गया।

(घ) वर्ष 2012–13– इस वित्तीय वर्ष हेतु जिला पदाधिकारी सारण, छपरा के पत्रांक 14 दिनांक 09.01.13 के द्वारा इस अंचल हेतु बकाया एवं चालू माँग क्रमशः 17,04,451=00 रू0

एवं 15,59,688=00 रू0 अर्थात कुल 32,64,139=00 रू0 संग्रह का लक्ष्य निर्धारित किया गया था।

इस लक्ष्य के विरूद्ध इस वित्तीय वर्ष में बकाया एवं चालू माँग क्रमशः 4,81,756=00 रू0 एवं 2,52,269=00 रू0 अर्थात कुल 7,34,025=00 रू0 का संग्रह किया गया। इस प्रकार निर्धारित लक्ष्य कुल 32,64,139=00 रू0 के विरूद्ध मात्र 7,34,025=00 रू0 जो निर्धारित लक्ष्य का लगभग 22.5% हीं था का संग्रह किया गया।

उपरोक्त तथ्यों से यह स्पष्ट है कि अंचल कार्यालय राजस्व संग्रह के प्रति बिल्कुल हीं सजग नहीं है परिणाम स्वरूप वर्ष 2009–10 में लगभग 41% वर्ष 2010–11 में लगभग 26%, वर्ष 2011–12 में लगभग 25% तथा वर्ष 2012–13 में मात्र 22.5% हीं राजस्व संग्रह लक्ष्य के विरूद्ध कर पाया।

अतः प्रशासी विभाग जिला पदाधिकारी, सारण, छपरा एवं अन्य उच्च पदाधिकारियों का ध्यान राजस्व संग्रह के घटत क्रम की ओर विशेष रूप से आकृष्ट करते हुए इस दिशा में आवश्यक कारवाई करने का सुझाव दिया जाता है।

भाग–3 सुझातात्मक

(10) <u>अंकेक्षक का संक्षिप्त मंतव्य</u> :–

(i) कोषागार संहिता भाग–1 नियम 300 का पालन दृढ़ता से किया जाय।

(ii) कोषागार संहिता भाग–1 नियम 86 का पालन दृढ़ता से किया जाय।

(iii) प्रत्येक माह की अन्तिम तिथि को निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी द्वारा नकदी की जाँच कर प्रमाण–पत्र अंकित किया जाना चाहिए परन्तु ऐसा नहीं पाया गया, अतः उक्त तिथि को प्रमाण–पत्र अंकित किया जाय।

(iv) स्थायी सामानों का प्रत्येक वर्ष भौतिक सत्यापन कर कार्यालय में प्रमाण पत्र रखा जाय।

(v) उच्च पदाधिकारियों द्वारा समय–समय पर किए गए निरीक्षण से सम्बंधित प्रतिवेदन कार्यालय में कारवाई प्रतिवेदन के साथ संलग्न कर रखा जाय।

(vi) राजस्व कर्मचारियों द्वारा अपने हलकों से संग्रह किए गए राजस्व का निर्धारित समय पर उनके द्वारा नजारत में जमा किया जाना सुनिश्चित किया जाय ताकि राजस्व निर्धारित समय सीमा से अधिक अवधि तक उनके पास लम्बित नही रह सके।

(vii) जिला स्तर से राजस्व संग्रहण हेतु निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति हेतु राजस्व कर्मचारियों के द्वारा प्रति माह किए गए राजस्व संग्रह तथा उन्हे दिए गए लक्ष्य की जाँच महीनेवार किया जाना आवश्यक है ताकि प्रत्येक माह यह स्पष्ट हो कि इस माह विशेष में लक्ष्य के विरूद्ध कितना संग्रह हुआ यह संग्रह यदि कम है तो वित्तीय वर्ष समाप्ति से पूर्व संग्रह में तत्परता ला कर लक्ष्य की प्राप्ति की सम्भावना बन सके। किसी भी वित्तीय वर्ष के प्रारम्भिक माह से ही लक्ष्य प्राप्ति हेतु सजग होने की आवश्यकता है।

मिलान एवं शुद्धिकर्त्ता का हस्ताक्षर
मंजु कुमारी व0 अं0–2

उप लेखा नियंत्रक
वित्त (अंकेक्षण) विभाग
बिहार, पटना।

परिशिष्ट 'क' अंकेक्षण प्रतिवेदन के कंडिका (ट) से सम्बंधित है।

अंकेक्षण में प्रस्तुत तथा अप्रस्तुत अभिलेखों की सूची :-

प्रस्तुत अभिलेख–

(1) विपत्र पुस्त– 2009–10 से 2012–13

(2) सामान्य रोकड़ पुस्त– 2009–10 से 2012–13

(3) सहायक रोकड़ पुस्त शीर्ष 2029 भू राजस्व– 2009–10 से 2012–13

(4) सहायक रोकड़ पुस्त शीर्ष 2055 पुलिस– 2009–10 से 2012–13

(5) सहायक रोकड़ पुस्त शीर्ष 2245 सहाय– 2009–10 से 2012–13

(6) सहायक रोकड़ पुस्त शीर्ष विविध– 2009–10 से 2012–13

(7) सहायक रोकड़ पुस्त शीर्ष 2506 भु0 सु0

(8) सहायक रोकड़ पुस्त शीर्ष 5415 क्षतिपूर्ति– 2009–10 से 2012–13

(9) सहायक रोकड़ पुस्त शीर्ष 6041 कृषि– 2009–10 से 2012–13

(10) सहायक रोकड़ पुस्त शीर्ष 2230/2235 सा0 सु0– 2009–10 से 2012–13

(11) सहायक रोकड़ पुस्त शीर्ष स्थायी अग्रिम– 2009–10 से 2012–13

(12) वेतन भुगतान पंजी भू राजस्व–2009–10 से 2012–13

(13) वेतन भुगतान पंजी 2055 चौकिदार/दफ्फदार– 2009–10 से 2012–13

(14) आकस्मिकता पंजी– 2009–10 से 2012–13

(15) अभिश्रव– 2009–10 से 2012–13

(16) आवंटन पंजी– 2009–10 से 2012–13

(17) लगान पंजी 3ए, 3एए तथा लगान रसीद बही हलका सं0 1 से 8 तक– 2009–10 से 2012–13

(18) नाजीर रसीद बही– 2009–10 से 2012–13

(19) सैरात पंजी एवं अभिलेख– 2009–10 से 2012–13

(20) सेवापुस्त– 2009–10 से 2012–13

अप्रस्तुत अभिलेख–

(1) भंडार पुस्त

(2) लगान रसीद वही भंडार पुस्त

(3) अस्थायी अग्रिम/राहत अग्रिम पंजी

(4) कर्मचारियों की निजि संचिका।

(5) वाहन इतिहास पंजी तथा लौग बुक

परिशिष्ट 'ख' कंडिका–2 (iv) से सम्बंधित।

आवंटन एवं व्यय विवरणी वर्ष 2009–10

क्र0	शीर्ष	प्राप्त आवंटन	निकासी	अवशेष	प्रत्यार्पित राशि
01	2029	41,57,062=00	41,12,476=00	44,586=00	44,586=00
02	2055	29,01,600=00	28,08,235=00	93,365=00	93,365=00
03	2245	2,90,000=00	1,01,295=00	1,88,705=00	1,88,705=00
04	2235	7,000=00	7,000=00	–	–
05	2070	–	–	–	–

वित्तीय वर्ष 2010–11

क्र0	शीर्ष	प्राप्त आवंटन	निकासी	अवशेष	प्रत्यार्पित राशि
01	2029	72,17,000=00	49,57,096=00	22,59,904=00	22,59,904=00
02	2055	30,36,900=00	29,31,526=00	1,05,374=00	1,05,374=00
03	2245	52,67,000=00	34,67,000=00	18,00,000=00	18,00,000=00
04	2235	–	–	–	–
05	2070	–	–	–	–

वित्तीय वर्ष 2011–12

क्र0	शीर्ष	प्राप्त आवंटन	निकासी	अवशेष	प्रत्यार्पित राशि
01	2029	61,24,368=00	6,01,7873=00	1,06,495=00	1,06,495=00
02	2055	34,78,959=00	34,14,622=00	64,337=00	64,337=00
03	2245	12,12,500=00	10,12,500=00	2,00,000=00	2,00,000=00
04	2235	3,500=00	3,500=00	NIL	NIL
05	2070	–	–	–	–

वित्तीय वर्ष 2012–13

क्र0	शीर्ष	प्राप्त आवंटन	निकासी	अवशेष	प्रत्यार्पित राशि
01	2029	80,01,520=00	76,30,806=00	3,70,714=00	3,70,714=00
02	2055	44,28,966=00	44,00,968=00	27,998=00	27,998=00
03	2245	4,00,600=00	3,68,300=00	32,300=00	32,300=00
04	2235	15,000=00	15,000=00	–	–
05	2070	500=00	–	500=00	500=00

परिशिष्ट "ग" कंडिका–9 (क,ख,ग,घ) से सम्बंधित

रिर्टन–1

माँग एवं संग्रहण विवरणी वर्ष 09–10

	कुल माँग			वसूली राजस्व राशि			बकाया राशि		
मद	बकाया	हाल	योग	बकाया	हाल	योग	बकाया	हाल	योग
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
रेन्ट	167196=43	62091=12	229287=55	49045=00	34266=00	83311=00	118151=43	27825=12	145976=55
सेस	83288=38	67818=32	151106=70	43565=00	15230=00	58795=00	39723=38	52588=32	92311=70
शिक्षा सेस	41575=20	110381=13	151956=33	26462=00	46219=00	72681=00	15113=20	64162=13	79275=33
स्वा0 सेस	42271=20	110381=13	152652=33	26628=00	42223=00	68851=00	15643=20	68158=13	83801=33
कृषि सेस	36625=76	47140=52	83766=28	12235=00	14972=00	27207=00	24390=76	32168=52	56559=28
सूद	16353=65	–	16353=65	–	–	–	–	–	–
योग	387310=62	397812=22	785122=84	157935=00	152910=00	310845=00	213021=97	2,44902=22	457924=19
सैरात	–	381=00	381=00	–	381=00	381=00	–	–	–
विविध	–	9000=00	9000=00	–	9000=00	9000=00	–	–	–
योग	387310=62	407193=22	794503=84	157935=00	162291=00	320226=00	213021=47	244902=22	457924=19

माँग एवं संग्रहण विवरणी–

		कुल माँग			वसूली राजस्व राशि			बकाया राशि		
क्र0	मद	बकाया	हाल	योग	बकाया	हाल	योग	बकाया	हाल	योग
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	रेन्ट	145976=55	62091=12	208067=67	12415=00	40685=00	53100=00	133561=55	21406=12	154967=67
2	सेस	92311=70	67817=33	160129=03	5315=00	18965=00	24280=00	86996=70	48852=33	135849=03
3	शिक्षा सेस	79275=33	110381=13	189656=46	10799=00	46451=00	57250=00	68476=33	63930=13	132406=46
4	स्वा0 सेस	83801=33	110381=13	194182=46	10799=00	46451=00	57250=00	73002=33	63930=13	136932=46
5	कृषि सेस	56559=28	47140=52	103699=80	4235=00	17413=00	21648=00	52324=28	29727=52	82051=80
6	योग	457924=19	397811=23	855735=42	43563=00	169965=00	213528=00	414361=19	227846=23	642207=42
7	सैरात	–	8221=00	8221=00	–	8221=00	8221=00	–	–	–
8	विविध	–	4800=00	4800=00	–	4800=00	4800=00	–	–	–
9	योग	457924=19	410832=23	868756=42	43563=00	182986=00	226549=00	414361=19	227846=23	642207=42

माँग एवं संग्रहण विवरणी वर्ष 2011–12

	कुल माँग			वसूली राजस्व राशि			बकाया राशि		
मद	बकाया	हाल	योग	बकाया	हाल	योग	बकाया	हाल	योग
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
रेन्ट	154967=67	121337=69	276305=36	24961=00	82929=00	107890=00	130006=67	38408=69	168415=36
सेस	135849=03	27065=89	262914=92	13985=00	21356=00	35341=00	121864=03	105709=89	227573=92
शिक्षा सेस	132406=46	169627=70	3032034=16	21690=00	55275=00	76965=00	110716=00	114352=70	225069=16
स्वा0 सेस	136932=46	169627=70	306560=16	21690=00	55276=00	76966=00	115242=46	114351=70	229594=16
कृषि सेस	82051=80	106387=09	188438=89	12206=00	16481=00	28687=00	69845=80	89906=09	159751=89
योग	642207=42	694046=07	1336253=49	94532=00	231317=00	325849=00	547675=42	462729=07	1010404=49
सैरात	–	4189=00	4189=00	–	4189=00	4189=00	–	–	–
विविध	–	4200=00	4200=00	–	4200=00	4200=00	–	–	–
योग	642207=42	702435=07	1344642=49	94532=00	239706=00	334238=00	547675=42	462729=07	1010404=49

माँग एवं संग्रहण विवरणी–2012–13

	कुल माँग			वसूली राजस्व राशि			बकाया राशि		
मद	बकाया	हाल	योग	बकाया	हाल	योग	बकाया	हाल	योग
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
रेन्ट	289753=10	623876=00	913629=00	136272=00	68135=00	204407=00	153481=00	555741=00	709222=00
सेस	354642=00	155969=00	510609=00	53500=00	26750=00	80250=00	301140=00	1,29,219=00	430359=00
शिक्षा सेस	394697=00	327534=00	722231=00	120602=00	60302=00	180904=00	274095=00	267232=00	541327=00
स्वा0 सेस	399222=00	327534=00	726756=00	120888=00	60445=00	181333=00	278334=00	267089=00	545423=00
कृषि सेस	266139=00	124775=00	390914=00	50494=00	25248=00	75742=00	215645=00	99527=00	315172=00
सूद	–	–	–	–	–	–	–	–	–
सैरात	–	4589=10	4589=00	–	4589=00	4589=00	–	–	–
विविध	–	6800=00	6800=00	–	6800=00	6800=00	–	–	–
योग	1704451=00	1571077=00	3275528=00	481756=00	252269=00	734025=00	1222695=00	1318808=00	251503=00